# खनन उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बीईएमएल और एचईसी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

खनन उद्योग की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत के दो प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, बीईएमएल लिमिटेड और हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों कंपनियां अपनी उत्पाद प्रोफ़ाइल में सहक्रिया रखते हैं, खनन उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए 'रॉप शॉवल्स और वाकिंग ड्रैगलाइन' जैसे उत्पादों का निर्माण और आपूर्ति करेंगे।

बीईएमएल और एचईसी के बीच के इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत, भारी इंजीनियरिंग और खनन मशीनरी के निर्माण और विपणन के क्षेत्र में उनके समृद्ध अनुभव और विशेषज्ञता को संघटित करेंगे और संयुक्त रूप से पहचाने गए उत्पादों के लिए संयुक्त रूप से विनिर्माण, विपणन, आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग और बिक्री के उपरांत सेवा के समर्थन के लिए कार्य करेंगे।

बीईएमएल और एचईसी के खनन उत्पादों को संरक्षित करने वाले सबसे प्रतिष्ठित ग्राहक कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक. श्री अनिल कुमार झा की उपस्थिति में उक्त समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।




श्री दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल श्री अनिल कुमार झा, अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड की उपस्थिति में श्री अविजीत घोष, सीएमडी, एचईसी के साथ समझौता ज्ञापन की प्रतियों को विनिमय करते हैं।

खनन उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा उत्पादों में उन्नयन के कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करने के साथ साथ स्वदेशी उत्पादों की सफल तैनाती में भी सीआईएल हमेशा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा आ रहा है। यह भारत सरकार के 'मेक-इन-इंडिया' पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए भी अच्छा है।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए बीओएमएल लिमिटेड के सीएमडी श्री दीपक कुमार होता ने कहा, “खनन उद्योग में विशेष रूप से सीआईएल में बड़ी व्यावसायिक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, यह इस क्षेत्र के उत्पादों के उत्पादन के लिए दोनों संगठनों की ताकत को सहयोग और समन्वय करने का अवसर है और इसकी स्थापित सुविधाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करता है। इससे मौजूदा एसएमई पारिस्थितिक तंत्र का उपयोग करने में भी हमारी मदद मिलेगी। चूंकि, बीईएमएल तमिलनाडु के नजदीक स्थित है; समझौता ज्ञापन एमएसएमई उद्यमों को लाभान्वित करेगा।”

भारी इंजीनियरिंग निगम के सीएमडी श्री अविजीत घोष ने कहा, “यह समझौता ज्ञापन खनन उद्योग के साथ-साथ देश के लिए सेवा करने के लिए दो सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के बीच संयुक्त सहयोग में एक निशान साबित होगा। सीपीएसई सम्मेलन के दौरान माननीय प्रधान मंत्री ने पीएसयू को एक साथ काम करने और एक दूसरे की ताकत को पोषित करने के लिए संबोधित किया। यह इसके प्रति एक कदम आगे है।”

उक्त संयुक्त प्रयास देश को 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने और बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विनिमय को बचाने में मदद करेगा। इसके अलावा, यह बहुराष्ट्रीय कंपनियों से प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने में भी मदद करेगा और रॉप शॉवल्स और वाकिंग ड्रैगलाइन रस्सी की आपूर्ति के लिए अन्य वैश्विक कंपनियों के आगे प्रवेश का भी विरोध करेगा।

बीईएमएल-एचईसी '20 घनमी रॉप शॉवल के विकास', आदि जैसे विकास परियोजनाओं के लिए भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) से वित्त पोषण प्राप्त करने की संभावना का भी पता लगा रहा है।

**बीईएमएल लिमिटेड के बारे में :**

बीईएमएल लिमिटेड रक्षा मंत्रालय के तहत एक अग्रणी बहु-प्रौद्योगिकी 'मिनिरत्न-श्रेणी-1' कंपनी है और यह रक्षा, रेल, विद्युत, खनन और बुनियादी ढांचे जैसे भारत के प्रमुख क्षेत्रों की सेवा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीईएमएल तीन कार्यक्षेत्र हैं, यथा रक्षा और वांतरिक्ष, खनन और निर्माण और रेल और मेट्रो तथा बेंगलूर, कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ), मैसूर, पालक्काड में स्थित कार्यालयों में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं हैं।

**भारी इंजीनियरिंग निगम लिमिटेड के बारे में :**

एचईसी 1958 में देश में इस्पात संयंत्र क्षमताओं को स्थापित करने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय के तहत स्थापित एक एकीकृत इंजीनियरिंग परिसर है। बाद में कंपनी ने खनन, रेलवे, रक्षा परमाणु और अंतरिक्ष क्षेत्र के क्षेत्र में विविधता हासिल की। कंपनी के पास रूस और चेक गणराज्य से तकनीकी सहयोग के साथ स्थापित तीन विनिर्माण संयंत्र हैं। उत्पादन सुविधा में पूंजीगत वस्तुओं के उपकरण और पुर्जों के कैस्टिंग, फोर्जिंग, फैब्रिकेशन, मशीनिंग, परीक्षण, निर्माण और कमीशन के निर्माण को शामिल किया गया है। इसने देश के लिए विदेशी मुद्रा को बचाने के लिए आयात विकल्प बनाने के मामले में राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें :

**एस. रमानन्दा :** +91 97 413 51582

कॉर्पोरेट संचार, बीईएमएल लिमिटेड

Corpcomm@beml.co.in